## हाईकोर्ट के आदेश पर अंजुमन काम्पलेक्स की नपाई शुरू

### लाल निशान तक टूटना लगभग तय



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर का सबसे चर्चित अवैध निर्माण मंगलवार सुबह एक बार फिर सुर्खियों में आ गया। हाईकोर्ट के आदेश पर अंजुमन कॉम्प्लेक्स का एक हिस्सा टूटना तय है। मंगलवार को नगर निगम कमिश्नर ने इंजीनियरों की टीम के साथ यहां पहुंचकर नपाई की और दुकानों के अंदर टूटने के निशान लगाए गए। दुकानदारों ने नगर निगम के अधिकारियों से और समय मांगा लेकिन निगम का कहना था कि बहुत अधिक समय पहले ही दिया जा चुका है और हाईकोर्ट के आदेश के चलते अब और समय नहीं दिया जा सकता है। हालाकि अंजुमन सदर का कहना है कि हम नियमों के तहत अपील कर रहे हैं, कुछ रास्ता निकलेगा।

अंजुमन कॉम्प्लेक्स का निर्माण साल 2017 में किया गया था और वर्ष 2017 में इस स्थल पर करीब तीन से छह हजार वर्गफीट जमीन के आवासीय उपयोग की अनुमति नगर निगम ने दी थी। इसके बजाय इस जमीन पर तीन मंजिला व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण हो गया। इसकी शिकायत पार्षद संतोष राय ने की थी और हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की थी।

मंगलवार को नगर निगम कमिश्नर ने अंजुमन काम्प्लेक्स पहुंचकर नोटिस दिया, जिसमें उल्लेख है कि याचिका क्रमांक 1032/2024 में उच्च न्यायालय व्दारा पारित आदेश के परिपालन में वार्ड नं 30 नजूल प्लाट नं. 5/26/2 एवं 7/2 आजाद चौक छिंदवाड़ा पर निर्मित भवन को सामने की ओर एम.ओ.एस. 7.5 मीटर तक की सीमा में लाया जाए एवं भवन के तल क्षेत्र (ग्राउंड कवरेज) को 40 प्रतिशत की सीमा में लाया जाए। इसके लिए नगर निगम द्वारा गठित इंजीनियरों का दल 11 एवं 12 मार्च 2025 को स्थल पर उपस्थित रहेगा।

उक्त दल व्दारा अनुमति से विपरीत निर्मित भवन एवं उपरोक्तानुसार निशान लगा देगा। मंगलवार को निशान लगा दिए गए। माना जा रहा है कि अवैध निर्माण वाले हिस्से को कुछ ही दिनों में ढहा दिया जाएगा। निशान लगाते समय सारे दुकानदार नगर निगम के अधिकारियों से समय मांगते दिखे। दूसरी तरफ अंजुमन कमेटी के सदर अमसाल खान का कहना है कि हम इस मामले में कोर्ट को सारे तथ्यों से अवगत करा रहे हैं और अपील कर रहे हैं, उम्मीद है कि कुछ रास्ता अवश्य निकलेगा।

अंजुमन काम्प्लेक्स में संचालित करीब 20 ऐसी दुकानें हैं, जो आधी से भी ज्यादा अवैध निर्माण में आ रही हैं और निशान लगने के बाद तो दुकानदारों के होश उड़ गए हैं कि इतनी छोटी सी जगह में दुकान कैसे संचालित होगी। काफी पैसा जमा करके दुकान लेने वाले दुकानदार अपने भविष्य को लेकर चिंतित दिखाई दिए।

अंजुमन काम्प्लेक्स में जो शोरूम अवैध निर्माण के दायरे में आ रहे हैं, उन्होंने दुकान से कीमती सामान निकालना शुरू कर दिया है। एसी और अन्य महंगे उपकरण शोरूम से निकालकर अन्य स्थानों पर भेजा जा रहा है। अंजुमन काम्प्लेक्स के भविष्य को लेकर पूरे राज टाकिज क्षेत्र में चर्चा चलती रही।

## पुलिस लाइन में हार्टफुलनेस का तीन दिवसीय ध्यान सत्र

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस कर्मचारियों को मानसिक शांति और तनावमुक्त जीवन प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन छिंदवाड़ा में हार्टफुलनेस संस्था द्वारा तीन दिवसीय ध्यान सत्र कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया और आगे भी साप्ताहिक ध्यान सत्र जारी रहेंगे।



इस कार्यशाला में प्रशिक्षकों ने पुलिस कर्मियों को ध्यान, आत्म-संतुलन और मानसिक शांति प्राप्त करने की विधियों से अवगत कराया। मध्य प्रदेश पुलिस विभाग और हार्टफुलनेस संस्था के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए गए।

इसके तहत अब प्रदेश के सभी पुलिस थानों में इस प्राणाहूति द्वारा ध्यान के प्रशिक्षण का लाभ पुलिस कर्मियों को उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य पुलिस बल को मानसिक तनाव से मुक्त रखना और उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाना है।

इस अवसर पर हार्टफुलनेस समिति की ओर से प्रशिक्षक डॉ. सैडुलु गेडाम, श्रद्धा बघेल, सुधांशु डेहरिया और कनकप्रभा गेड़ाम सहित पूरी टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और हार्टफुलनेस संस्था के प्रतिनिधियों ने भी ध्यान अभ्यास के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

### सार समाचार

## सुपर सीडर से नरवई प्रबंधन कर मूंग की बोनी का प्रदर्शन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र चंदनगांव छिंदवाड़ा में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में नरवाई प्रबंधन के अंतर्गत कृषि अभियांत्रिकी छिंदवाड़ा द्वारा मूंग की बोनी का सुपर सीडर से प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा सुपर सीडर से बोनी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशानुसार इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में किसानों द्वारा नरवाई प्रबंधन की दिशा में काफ़ी अच्छा कार्य किया गया है। इस वर्ष लगभग 70 प्रतिशत क्षेत्र में नरवाई प्रबंधन किया गया है।



उद्यानिकी महाविद्यालय के डीन डॉ. आर.सी. शर्मा द्वारा सुपर सीडर से बोनी के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कृषि अभियांत्रिकी के प्रमुख समीर पटेल ने उद्यानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं कृषकों को सुपर सीडर की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने विभिन्न कृषि यंत्रों पर कृषि अभियांत्रिकी विभाग से अनुदान पर दी जा रही सहायता के बारे में भी जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. डी.सी. श्रीवास्तव ने बताया कि विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष किसानों ने खरीफ, रबी एवं जायद की फ़सलों का नरवाई कर रहे है अब किसान जागरूक हो गए है और सुपर सीडर और हैप्पी सीडर के कृषि यंत्रों के प्रयोग को बढ़ावा दे रहे है।

केंद्र पर फसल संग्रहालय की प्रभारी चंचल भार्गव ने बताया कि केंद्र पर नरवाई प्रबंधन करते हुए मूंग की उन्नत किस्म शिखा की बोनी की गई है। साथ ही वैज्ञानिकों का सुझाव है कि किसान मूंग में कम से कम रसायनों कीटनाशकों का प्रयोग करें। साथ ही सोनापिपरी के किसान राघवेन्द्र रघुवंशी एवं चेतन रघुवंशी के यहाँ भी सुपर सीडर से नरवाई प्रबंधन करते हुए मूंग की बोनी के प्रक्षेत्रीय प्रदर्शन भी कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा लगाये गये है। कृषक चेतन रघुवंशी द्वारा किसानों को बोनी के लिए भी सुपर सीडर उपलब्ध करवाया जा रहा है। इच्छुक किसान मोबाईल नंबर-9424920111 पर संपर्क कर नरवाई प्रबन्धन करते हुए बोनी करवा सकते है।

## परामर्शदात्री समिति की तिमाही बैठक का आयोजन आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में 12 मार्च 2025 को शाम 4 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया है। अग्रणी जिला प्रबंधक अजय कुमार ने सभी बैंकों के जिला समन्वयकों और संबंधित विभाग के अधिकारियों को जानकारी के साथ बैठक में स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

## जिला पांढुर्णा में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कल

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय पांढुर्णा के सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन (डीडब्ल्यूएसएम) की बैठक 12 मार्च 2025 को आयोजित की गई थी, जो अपरिहार्य कारणों से बैठक निरस्त कर पुनः 13 मार्च 2025 को यह बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिला पांढुर्णा में संचालित जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की जायेगी। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन पांढुर्णा के कार्यपालन यंत्री ने सभी संबंधितों से इस बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## दो बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल, डायल 112/100 ने पहुंचाया अस्पताल



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा के थाना परासिया क्षेत्र के सोना पिपरी गाँव के पास रात्रि में दो मोटर साइकिल की आपसी टक्कर हो जाने से घायल हुए दो युवक को डायल-112/100 एफ आर व्ही ने अस्पताल पहुँचाया।

छिंदवाड़ा जिल के थाना परासिया क्षेत्र में सोना पिपरी गाँव के पास दो मोटर साइकिल आपस में टकरा गयी है जिसमें 02 युवक घायल हो गये हैं, पुलिस सहायता की आवश्यकता है कि सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में 10 मार्च 2025 को रात्रि 07:24 बजे प्राप्त हुई।

सूचना प्राप्ति पर तत्काल परासिया थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक विपिन पांडे पायलेट संजय डेहरिया ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि दो मोटर साइकिल की आपसी टक्कर हो जाने से दो युवक अंकित इवनाती एवं मयंक इवनाती निवासी जमकुंडा घायल हो गये थे।

डायल-112/100 एफ.आर. व्ही. द्वारा घायलों को शासकीय अस्पताल परासिया पहुँचाया गया जहां से प्राथमिक उपचार उपरांत घायलों को जिला अस्पताल छिन्दवाड़ा के लिए रेफर किया गया जहां उनका उपचार जारी है।

## नेशनल हाईवे 47 पर अज्ञात डंपर की टक्कर से युवक की मौत

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** मंगलवार सुबह 11 बजे नेशनल हाईवे 47 पर सिवनी गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें बड़चिचोली निवासी चेतन डोंगरे 25 की मौत हो गई। चेतन अपनी बाइक से बड़चिचोली से पांढुर्णा की ओर जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात रेत से भरे डंपर ने उसे कुचल दिया।



चौकी प्रभारी विक्रम बघेल ने बताया कि हादसे में चेतन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पांढुर्णा डायल 100 और बड़चिचोली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पांढुर्णा अस्पताल भेज दिया है।

हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। लोगों ने तेज रफ्तार डंपरों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## जनसुनवाई में आए 148 आवेदन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे ने कल 11 मार्च को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 148 आवेदकों की समस्यायें सुनी।



इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से भूमि का रकबा एवं खसरा नक्शा सुधारने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्माननिधि की राशि दिलाने, गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाने, मकान पट्टा प्रदान करने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम हरनाखेड़ा के नरेश चौरसिया ने कृषि भूमि का नक्शा दुरूस्त कराने, दमुआ के मनोज डोंगरे ने दमुआ नगरपालिका परिषद की सड़क किनारे और मंदिर के सामने शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने, नगर परिषद चांदामेटा बुटरिया के वार्ड नंबर-13 के वार्डवासियों ने वार्ड में मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्य कराने, ग्राम लकड़ाई जम्होड़ी की ग्यारसा बाई ने जमीन पर शासकीय तालाब निर्माण होने पर जमीन का मुआवजा दिलाने की मांग की गई।

ग्राम करमोहनीबंधी की प्रियंका सूर्यवंशी ने पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र बनाने, ग्राम पंचायत धूसावानी के ग्रामवासियों ने शासकीय रोड निर्माण कार्य में उत्पन्न बाधा दूर करने, ग्राम सुकरी की ललिता यदुवंशी ने बच्चे के भरण-पोषण के लिये आर्थिक सहायता दिलाने, ग्राम हिवरखेड़ी की सरस्वती वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, चौरई के वार्ड नंबर- 24 की जामवती नाथ ने गरीबी रेखा में नाम दर्ज करने की मांग की।

ग्राम अंबाड़ा की पुष्पा सिंह ने खरीदी गई भूमि की पावती बनवाने, ग्राम चौसरा के घनश्याम वर्मा ने जमीन का बंटवारा करने, ग्राम पिपरियालालू की अंजू ने संबल योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता दिलाने, छिंदवाड़ा नगर के खिरका मोहल्ला की मोनिका कुशवाहा ने पति का मृत्यु प्रमाण पत्र दिलाने, महात्मागांधी वार्ड नंबर- 24 की रामसुहाना अहिरवार ने भूखण्ड में अवैध निर्माण कार्य पर रोक लगाने, चंदनगांव की कमला बाई ने पिताजी की संपत्ति के बंटवारे में अपना हिस्सा दिलाने, खिरकापुरा मोहल्ला निवासी सालोनी साहू ने मकान टेक्स माफ कराने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।

इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर व अंकिता त्रिपाठी, एस.डी.एम. सुधीर जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई।

## पातालकोट आजीविका उत्पाद को रतलाम जिले से आया पहला ऑनलाइन ऑर्डर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पातालकोट आजीविका उत्पाद ने एक नये मील के पत्थर को पार किया है, जब रतलाम जिले के हितेश सांखले ने ऑनलाइन ऑर्डर के माध्यम से उत्पाद खरीदने के लिए ऑर्डर दिया। यह पहला मौका है जब पातालकोट आजीविका उत्पाद के लिये दूसरे जिले से ऑनलाइन ऑर्डर आया है। हितेश सांखले ने अपना ऑर्डर नंबर 11 के साथ 24 शिव कृपा, आनंद कॉलोनी, डी.आर.पी. लाइन गेट, रतलाम के पते पर दिया है। यह ऑर्डर पातालकोट आजीविका उत्पाद की ऑनलाइन बिक्री की शुरुआत का प्रतीक है।

इस अवसर पर कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कहा हमें यह जानकर बहुत खुशी हुई कि हमारे उत्पाद दूसरे जिलों में भी लोकप्रिय हो रहे हैं। यह हमारे लिए एक नए युग की शुरुआत है। पातालकोट आजीविका उत्पाद के इस ऑनलाइन ऑर्डर के साथ हमारा लक्ष्य देशभर में अपने उत्पादों को पहुंचाना है। हमें विश्वास है कि हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और हमारी सेवा की गुणवत्ता हमें जल्द ही देश के सर्वश्रेष्ठ ऑनलाईन ब्रांडों में से एक बनायेगी।



## कलेक्टर एवं प्रशासक ने की जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित की समीक्षा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिन्दवाड़ा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की 26 शाखाओं में विकासात्मक कार्यों और विभिन्न योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए शुक्रवार को कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक शीलेन्द्र सिंह ने समीक्षा बैठक आयोजित की।

यह बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में हुई जिसमें सभी शाखा प्रबंधक और बैंक संबद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रशासक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में उप आयुक्त सहकारिता जी.एस. डेहरिया और बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.के. जैन भी मौजूद थे।



समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने शाखा प्रबंधकों को ऋण वितरण, अमानत वृद्धि और ऋण वसूली में प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने पिछड़े हुए शाखा प्रबंधकों को लक्ष्य हासिल न करने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में शाखाओं और समितियों से जुड़े कृषकों को उनकी पात्रता के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर ऋण वितरण सुनिश्चित करने और पर्याप्त उर्वरक भंडारण एवं वितरण पर भी जोर दिया गया।

बैठक में बताया गया कि ऋण वसूली में पिछड़ी शाखाओं में कुण्डा, अमरवाड़ा और चांद शामिल हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने इन शाखाओं को निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए तुरंत कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में दो तीन प्रबंधको को प्रशासक द्वारा जमकर फटकार लगाई गई और कार्यप्रणाली पर सुधार लाने के लिए हिदायत भी दी गई।

# पीजी कॉलेज के ईको क्लब के विद्यार्थियों ने टाइगर रिजर्व का किया शैक्षणिक भ्रमण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा की इको क्लब इकाई द्वारा पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता और प्रकृति के महत्व को नज़दीक से समझने के लिए प्रेरित करना था। यह आयोजन प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा के मार्गदर्शन और इको क्लब प्रभारी डॉ. ऋतु शर्मा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

पेंच टाइगर रिजर्व के कर्माझिरी गेट पर वन परिषद अधिकारी राहुल उपाध्याय ने छात्रों को पेंच राष्ट्रीय उद्यान के इतिहास, भौगोलिक स्थिति, बफर जोन एवं कोर जोन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने वनस्पतियों और वन्यजीवों की विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण हेतु किए जा रहे वन विभाग के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला।

भ्रमण के दौरान छात्रों के लिए पर्यावरण एवं वन्य जीवन पर आधारित एक रोचक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एमएससी प्रथम वर्ष के छात्र सिनोद यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित शासकीय महाविद्यालय बिछुआ के डॉ. नवीन चौरसिया ने विद्यार्थियों को वन्यजीव संरक्षण के महत्व पर व्याख्यान दिया और टाइगर सफारी के लिए आवश्यक दिशानिर्देश साझा किए। विद्यार्थियों ने सफारी के दौरान बाघ, चीतल, सांभर, लंगूर, बायसन, मोर, जंगली सूअर और कई अन्य वन्यजीवों तथा पक्षियों की दुर्लभ प्रजातियों को उनके प्राकृतिक आवास में नज़दीक से देखा। इस अनुभव ने उनमें प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई जागरूकता उत्पन्न की।

इस सफल आयोजन में कु. दोषिता दास, रतिराम मालवीय एवं इको क्लब के सक्रिय छात्र-छात्राओं चंचलेश साहू, संकल्प विश्वकर्मा, भूमिका धुर्वे आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस प्रकार यह शैक्षणिक भ्रमण न केवल ज्ञानवर्धक रहा बल्कि विद्यार्थियों को प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के लिए प्रेरित भी किया।

# 37वां हरामखाऊ सम्मेलन आज



## मशहूर कॉमेडियन प्रताप फौजदार देंगे प्रस्तुति

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** होली के अवसर पर आयोजित होने वाले छिन्दवाड़ा जिले के बहुप्रतिष्ठित कार्यक्रम हराम खाऊ अपमान समारोह का आयोजन परम्परा अनुसार होलिका दहन की पूर्व संध्या पर स्थानीय दशहरा मैदान में शाम 7 बजे से आयोजित किया जावेगा जिसमें देश के मशहूर कामेडियन प्रताप फौजदार अपने चिर परिचित अंदाज में हास्य रस की वर्षा करेंगे जिसमें उपस्थित जनसमुदाय आनंद रस में डूब जायेगा।

उक्ताशय की जानकारी देते हुऐ समिति के संतोष जैन सरल, हेमन्त जैन और सौरभ ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष समिति द्वारा कार्यक्रम को एकदम नये अंदाज में प्रस्तुत किया जा रहा है जिसमें छिन्दवाड़ा के वरिष्ठ साहित्यकार मन्नूलाल झकलट हराम खाऊ टाइम्स के 37 वें अंक के मुख्य अंश का वाचन अपने विशेष अंदाज में प्रस्तुत करेंगे।

हरामखाऊ आर्केस्ट्रा द्वारा छिन्दवाड़ा के समस्त जनप्रतिनिधियों पर आधारित हास्य रस से परिपूर्ण पेरोडीयो का गायन किया जावेगा जो आकषर्ण का केन्द्र होगा। इस वर्ष कार्यक्रम के अतिथियों के रूप में विवेक बंटी साहू सांसद, कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री, राकेश सिंह प्रभारी मंत्री, चौ. चन्द्रभान सिंह पूर्व मंत्री, दीपक सक्सेना पूर्व मंत्री, डॉ. शेषराव यादव जिलाध्यक्ष भाजपा छिन्दवाड़ा, विश्वनाथ ओक्टे जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी छिन्दवाड़ा, महापौर विक्रम आहके, निगम अध्यक्ष सोनू मांगो, शीलेन्द्र सिंह कलेक्टर, अजय पाण्डे एस.पी., सुधीर जैन एस.डी. एम., सी.पी. राय आयुक्त नगर निगम सहित छिन्दवाड़ा के समस्त जनप्रतिनिधिगण का मिडिया जगत के समस्त साथीगण उपस्थित रहेंगे।

उक्त कार्यक्रम की ओर भी आकर्षक बनाने हेतु समिति के पदाधिकारियों राजू चरणागर, प्रणय नामदेव, सुनील जैन, अरविंद राजपूत, प्रदीप स्नेही, विजय आनंद दुबे, रजनीश जैन, तरूण जैन, योगेश बेले, घनश्याम राजपूत, विजय गुप्ता, गुंजन नायक, नरेश सोनी, नारू, आशीष अग्रवाल, सुनील बनारसे, बबलू बरमैया, ऋषभ तिवारी, जागेन्द्र सोलंकी ये सभी अथक परिश्रम कर कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में लगे हुऐ है। हराम खाऊ टाइम्स परिवार समस्त नगर वासियों से इस विलक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होकर होली के उपलक्ष्य में हॉस्य रस से सराबोर होने हेतू सहपरिवार इष्ट मित्रों सहित आमंत्रित करता है महिलाओं के बैठने की उचित व्यवस्था बनाई गई हैं। इस कार्यक्रम में शहर के कनिष्ठ वरिष्ठ हरामखाऊ भी अपमान समारोह में आमंत्रित है।

## सार समाचार

### चना, मसूर एवं सरसो के पंजीयन की अंतिम तिथि अब 17 मार्च

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत रबी वर्ष 2024-25 (विपणन वर्ष 2025-26) न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन के लिये उपार्जन नीति जारी की गई है। इस जारी नीति के अनुसार ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 फरवरी 2025 से 10 मार्च 2025 तक चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के लिये पंजीयन किए जाने के निर्देश दिए गए थे, किन्तु विगत वर्ष की तुलना में अभी तक प्राप्त पंजीयन रिपोर्ट अनुसार चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन कम हुए है, जिसके लिए जिले से चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन अवधि बढ़ाने के लिये अनुरोध किया गया है।

संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग म.प्र. भोपाल के निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा जिले के कृषकों के हित के दृष्टिगत प्राप्त प्रस्ताव के अनुक्रम में फसल चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन की अंतिम अवधि 10 मार्च 2025 के स्थान पर 17 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई है तथा संबंधितों को पंजीकृत कृषकों एवं रकबें का सत्यापन 25 मार्च 2025 तक सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये है।

### ललिता वासनिक को योगिनी अवार्ड से सम्मानित किया गया



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2025 के अवसर पर पेंशनर्स सदन छिंदवाड़ा में प्रांतीय योग प्रशिक्षित शिक्षक अध्यापक संघ मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा इकाई के सौजन्य से योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बहनों को योगिनी अवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कमलेश विश्वकर्मा सेवानिवृत प्राचार्य ने सभी बहनों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस.डी.ए. तिवारी, अध्यक्ष पेंशनर समाज ने की। मंच संचालन संगीता बेंडे जिला योग प्रभारी छिंदवाड़ा द्वारा किया गया। योगिनी अवार्ड से ममता पटले, रंजना कुमरे, ललिता वासनिक, निर्मला बेले, भावना ठाकरे, अर्पित शुक्ला, कोमल जैसवाल, रानू कश्यप एवं शशि धुर्वे को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग सुरेश पवार, योग संघ अध्यक्ष छिंदवाड़ा रामकिशोर धुर्वे, मुकेश गुप्ता एवं पांडुरंग बंसोड़ का रहा।

### आंगनबाड़ी केंद्र लहगडुआ में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं सुशांत हुद्दार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा के मार्गदर्शन में भूपेश कुमार मिश्रा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा के निर्देशन में आज 11 मार्च 2025 को आंगनवाड़ी केन्द्र लहगडुआ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों की स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी विजय कुमार खोब्रागड़े ने उपस्थित महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना की जानकारी दी साथ ही घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण, हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम आदि विधियों के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी।

शिविर में सामाजिक कार्यकर्ता श्यामल राव, आई.सी.डी.एस पर्यवेक्षक कोनिका सक्सेना, बबिता वर्मा, रीता सोनेकर एवं संध्या डेहरिया सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहें।





# सिम्स मेडिकल कॉलेज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सिम्स मेडिकल कॉलेज में फीमेल फेकल्टी और फीमेल स्टाफ द्वारा धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। आयोजन में अधिष्ठाता डॉ. अभय कुमार और विभागाध्यक्ष गायनेकोलॉजी डॉ. शिरपुर ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई।

डीन डॉ. अभय कुमार ने बताया कि महिलाएं पुरुषों के साथ कंपीट नहीं बल्कि कॉम्प्लीमेंट करती हैं। सभी महिलाओं को विशेष टाइटल्स से सम्मानित किया गया। प्रोग्राम का आयोजन और संचालन डॉ. श्वेता ठाकुर, डॉ. अर्चना कोरी और डॉ. मेघा जैन ने किया। समस्त चिकित्सक और स्टाफ ने गेम्स खेले और अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने आनंदपूर्वक गुलाल-टीका लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी और स्वल्पाहार किया।

## उपभोक्ता मामले व खाद्य की नौवीं बैठक में शामिल हुए सांसद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थायी समिति के सभापतियों व सदस्यगणों की बैठक नई दिल्ली स्थित संसद भवन के संविधान सदन कक्ष में बैठक आयोजित की गई जिसमें सांसद बंटी विवेक साहू ने शामिल होते हुए समिति के समक्ष अपने सुझाव और प्रस्ताव रखे। उल्लेखनीय है कि अठारहवीं लोकसभा के लिए बनाई गई केन्द्रीय मंत्रालय के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग की इसके पूर्व 8 बैठकें हो चुकी है, सभी बैठकों में सांसद श्री साहू शामिल हुए है। इस दौरान उन्होंने समिति के समक्ष अपने सुझाव रखे है।

# सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्थानीय पटेल कालोनी मे भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले की 128 वी पुण्यतिथि सावित्री बाई फुले समिति के तत्वाधान मे किया गया।

इस अवसर पर अनिता शर्मा व राजेश दोडके अतिथि के रूप मे उपस्थित थे। सर्वप्रथम भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई की फोटो पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया समिति की संयोजिका निलिमा घोरसे द्वारा सावित्री बाई के जीवन पर प्रकाश डाला गया। उन्होने बताया की सावित्री बाई फुले एक महान समाजसेविका के साथ कवियत्री थी उन्हें भारत की प्रथम शिक्षिका होने का गौरव प्राप्त है। इस अवसर पर सिलाई ट्रेनिंगकोर्स प्रशिक्षित महिला श्रद्धा टांडेकर, सुमन यादव, सोनम सिंग, कशिस खान को सम्मानित कर प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर मालती झारिया, पिंकी मर्सकोले, सोनम पवार, नीलम नामदेव, सविता डेहरिया, रविणा लोतिया, समा अंसारी उपस्थित थी। मंच संचालन अरूण घोरसे द्वारा किया गया।

# विधि महाविद्यालय में अंतर पीढ़ीगत समन्वय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सतपुड़ा विधि महाविद्यालय मोहन नगर छिन्दवाड़ा मध्यप्रदेश से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल 11 मार्च 2025 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान नई दिल्ली (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा प्रायोजित "One Day Awareness / Sensitization Programme on Promoting Intergenerational Bonding with College Student" कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ अंतरपीढ़ीगत समन्वय पर एक दिवसीय जागरूकता/संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रथम सत्र की विषय विशेषज्ञ के रूप में किशोर न्याय बोर्ड छिन्दवाड़ा की सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता किरणलता चोपड़े एवं द्वितीय सत्र के विषय विशेषज्ञ के रूप में किशोर न्याय बोर्ड छिन्दवाड़ा के विधि सह परीवीक्षा अधिकारी एवं विधि विशेषज्ञ अतिशय जैन ने प्रथम एवं द्वितीय सत्र में इस एक दिवसीय जागरूकता एवं संवेदीकरण कार्यक्रम में विधि के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

प्रथम सत्र की विषय विशेषज्ञ-किरणलता चोपड़े ने कॉलेज के विधि के छात्रों को सामाजिक पहलू पर प्रकाश डालते हुये जानकारी दी एवं कानूनी प्रावधानों से भी अवगत कराया कि माता पिता एवं बुजुर्गों का ध्यान किस प्रकार रखा जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की सेवा करना भारत में यह पूर्व से ही परम्परा रही है एवं यह युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि उन्हें किसी भी हालत में वृध्दाआश्रम पहुंचाने की स्थिति नहीं बनना चाहिये।

उन्होनें कहा कि युवा पीढ़ी आधुनिकता एवं सम्पत्ति को अत्यधिक महत्व देते हुये अपने परिवार को उचित समय प्रदान नहीं कर पाती जिस कारण उसके गम्भीर भावी परिणाम आते है एवं परिवार में आपसी सम्बन्धों में दूरिया पैदा होने लगी है एवं अन्तर्गत पीढ़ीगत संबंधों में विच्छेद होना प्रारंभ हो गया है, इन संबंधो को आपसी जुड़ाव और सेवा से और मजबूत बनाना चाहिये। किरणलता चोपड़े ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ किस तरह का व्यवहार और आचरण किया जाना चाहिये इसकी पर भी प्रकाश डाला।

द्वितीय सत्र के विषय विशेषज्ञ-अतिशय जैन ने वरिष्ठ नागरिकों एवं माता पिता की समुचित व्यवस्था जीवन यापन के विधिक प्रावधानों एवं उसकी प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान कि उन्होंने कहा कि विधि ही इस समस्या का एकमात्र उपाय नहीं है बल्कि यह एक सामाजिक समस्या है जिसकी जिम्मेदारी समाज के हम सभी लोगों की हैं एवं उन्होंने परीवार में संस्कारों का पालन किया जाना आवश्यक बताया। उन्होनें बताया कि प्रत्येक पीढ़ी के क्या दायित्व होने चाहिये। उन्होनें रामायण एवं भगवान प्रभु श्रीराम के अपने माता-पिता के प्रति आदर सम्मान का उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

दोनों सत्र के विषय विशेषज्ञों ने बुजुर्गों से संबंधित अनेक सामाजिक समस्याओं का उदाहरण देकर उसके निराकरण के उपाय बताये एवं कानूनी जानकारी प्रदान करने के साथ ही विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर भी दिया।



## आरटीओ ने की वाहनों की जांच




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा गत 11 मार्च को छिन्दवाड़ा-नागपुर मार्ग पर छोटे-बड़े सभी वाहनों की बारीकी से जाँच की गई। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि छिन्दवाड़ा-नागपुर मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान जिन वाहनों में दस्तावेजों की कमियां पाई गई तथा मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करते पाये जाने वाले 38 वाहनों से 41,100/- रूपये का जुर्माना लिया गया। साथ ही वाहन संचालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की भी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी दो पहिया-चार पहिया वाहन चालको से यातायात नियमों का पालन करने अपील की

# महाकुंभ का गंगाजल प्राचीन शिव मंदिर में किया अर्पित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के द्वारा प्रयागराज महाकुंभ से लाया गया पावन गंगा जल प्राचीन शिव मंदिर में पूजन अर्चन के उपरांत कांग्रेसजन के द्वारा अर्पित किया गया।

कांग्रेस परिवार के सदस्यों ने गोदड़ देव के विख्यात प्राचीन शिव मंदिर पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना की। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे सहित स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शिव मंदिर में गंगा जल अर्पित कर जिले के लिए सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। पूजा अर्चना के उपरांत प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस परिवार के सदस्यों के साथ ही बड़ी संख्या में आमजन भी उपस्थित रहे।

विदित हो कि पूर्व सांसद नकुलनाथ ने महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में स्नान कर पतित पावन मां गंगा का जल साथ लेकर छिन्दवाड़ा आए थे। उनकी मनोकामना थी कि छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले के मंदिरों में गंगा जल अर्पित किया जाए। इस हेतु विशेष पूजन अर्चन के उपरांत चिन्हित 10 शिव मंदिरों में गंगा जल अर्पित करने का क्रम सतत जारी है। इसी क्रम में कल 11 मार्च 2025 को कांग्रेस परिवार के सदस्यों ने गोदड़ देव पहुंचकर प्राचीन शिव मंदिर में गंगा जल अर्पित किया।

आयोजित कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, राजेन्द्र सिंह बैस, प्रीतम पटेल, बैजू वर्मा, पृथ्वीराज सिंह, शैलेष दीक्षित, अनिल मिश्रा, कैलाश मेंदोले, लक्ष्मण पटेल, नंदराम बाबाजी, अंकित मंगरोले, मनोज पटेल, दुर्गेश चौरसिया, संदीप वर्मा, विनोद बारपेटे, श्रीचंद पटेल, श्रवण पटेल, हरिकिशन बारपेटे, हरिओम चौरे, धनकुमार नरेटे व मदन पटेल सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।